Title: Need to start work at Vagaliyar and Sablakot Power Projects in J & K.

श्री चमन लाल गुप्त (ऊधमपुर): महोदय, जम्मू-कश्मीर में चनाब नदी में १५,००० मैगावाट बिजली पैदा करने की क्षमता है, लेकिन अभी तक सलाल परियोजना से केवल ५५० मेगावाट बिजली का निर्माण हो पाया है। दुलहस्ती परियोजना पर काम चल रहा है, परन्तु वगलियार, साबलाकोट तथा करथैई जैसे प्रोजैक्टस अछूते पड़े हुए हैं। जम्मू-कश्मीर के कर्मचारी, जिन्होंने सलाल परियोजना को पूर्ण करने में अपना खून-पसीना बहाया, आज हजारों किलोमीटर दूरी पर भेजे जा रहे हैं।

मेरा केन्द्र सरकार से निवेदन है कि वगलियार, साबलाकोट और करथैई परियोजनाओं को तुरन्त एन.एच.पी.सी. को दिया जाये व अपने हाथ में लेकर निर्माण कार्य प्रारम्भ किया जाये, जिससे सलाल परियोजना से तैयार इन्फ्रास्ट्रक्चर को उपयोग में लिया जा सके, कर्मचारियों को राहत मिले तथा देश को बिजली के संकट से छुटकारा मिल सके।